मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 31 अक्टुबर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	31-10-14	01-11-14	02-11-14	03-11-14	04-11-14
वर्षा (मि.मी.)	3	3	2	1	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	33	32	31	31
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	23	21	20	20	19
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	8	6	5	4	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	68	72	66	63	58
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	41	46	43	41	37
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	6	9	5	5	3
हवा की दिशा	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पूर्व	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

जिन किसानों ने अभी तक सरसों की बिजाई नही की ह वे जल्द से जल्द सरसों की बिजाई पूरी करें।

जीरे की फसल के लिए खेत तैयार करें। जीरे की उन्नत किस्में आर.जेड.–19, आर.जेड.–209, जी.सी.–4, आर.जेड.–223 की बुवाई करें।

जीरे की फसल में उखटा रोग की रोकथाम के लिए 2 ग्राम कार्बेन्डेजिम या 4 ग्राम ट्राइकोडरमा प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें।

सिंचित गेहूँ की बुवाई के लिये खेत तैयार करें व आवश्यक आदानों की अग्रिम व्यवस्था करें।

पशुओं को लवण–मिश्रण निर्धारित मात्रा में दाने या बांटे में मिलाकर दें। गुलाबी सेंधा नमक सर्वोत्तम माध्यम है।